आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस एटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :422 पृष्ठ –4 दिनांक 09 मार्च 2025 दिन रविवार

## इस बार हजारों विधवा महिलाएं होली खेलकर तोड़ेंगी सदियों पुरानी परंपरा

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा नाम



लखनऊ। उल्लास–उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा में सराबोर दिखेगा और सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने इसकी जानकारी दी। मथुरा–वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामा. जिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता एवं सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। सरकार की एक योजना में कहा गया है कि उप्र सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इसमें कहा गया है कि इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर 'विधवाओं की होली–2025' के तौर पर एक भव्य आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी।एक बयान के मुताबिक ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा। शविधवाओं की होली' एक अनूठा सांस्कृतिक उत्सव है। परंपरागत रूप से, भारत में विधवाओं से होली जैसे त्योहारों सहित संसारिक सुखों को त्यागने की अपेक्षा की जाती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम से जुड़े शहर वृंदावन में यह एक क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर देखा जाता है।हर साल, वृंदावन के विभिन्न आश्रमों से हजारों विधवाएं होली पर खुद को जीवंत रंगों, संगीत और भक्ति में सराबोर कर लेती पारंपरिक लोक गायन, लोक नृत्य, भक्ति गीत जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी। ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल होगा तथा इसमें अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया तथा भक्तों की भागीदारी होगी।इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए एक विशिष्ट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा जिससे उन्हें विभिन्न पहलुओं की विवेचना समेत प्रमाणन प्रक्रिया को पूरा करने में भी आसानी

## PM मोदी ने महिला दिवस पर नारी शक्ति को किया सलाम, सोशल मीडिया की कमान महिलाओं को सौंपी

पीएम मोदी ने घोषणा की है कि आज विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाएं उनके सोशल मीडिया अकाउंट का संचालन करेंगी. उन्होंने कहा, "महिला दिवस के अवसर पर हम नारी शक्ति को सम्मानित करते हैं. हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए हैं, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में स्पष्ट है. आज, जैसा कि पहले कहा गया था, मेरी सोशल मीडिया संपत्तियों का प्रबंधन उन महिलाओं द्वारा किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं." यह पहली बार नहीं है जब महिला प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट का प्रबंधन करेंगी. 2020 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी पीएम मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट को सात सफल महिलाओं ने संभाला था, जिससे उन्हें प्रेरणा देने के लिए एक वैश्विक मंच प्राप्त हुआ. इस अवसर पर पीएम मोदी ने नारी शक्ति को सम्मानित किया और विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर किया.



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक्स पर एक संदेश साझा किया. उन्होंने कहा, "महिला दिवस की सभी को शुभकामनाएँ! आज हम महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान का सम्मान करते हैं. हम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लेते हैं. हमारी बहनें और बेटियाँ कांच की छतें तोड़कर नए आयाम स्थापित कर रही हैं. आइए हम महिलाओं को उनके सफर में समर्थन देने का वचन दें, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पीछे न रहे, क्योंकि वे विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं. मिलकर हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर सकते हैं जहाँ महिलाएँ और लड़कियाँ बिना किसी भय के अपने सपनों को साकार कर सकें."

### अखिलेश यादव की स्त्री सम्मान–समृद्धि योजना से महिलाओं को कैसे होगा फायदा? सपा चीफ ने खुद दिया जवाब



उत्तर प्रदेश में साल 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुटी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला दिवस पर बड़ा ऐलान किया है. बीते दिनों अखिलेश ने ऐलान किया था कि साल 2027 में अगर, जनता सपा की सरकार चुनती है तो पार्टी 'स्त्री सम्मान–समृद्धि योजना' लाएगी. हालांकि उस वक्त सपा चीफ ने यह स्पष्ट बताया था कि इस योजना में क्या होगा और राज्य की बेटियों और महिलाओं को इससे कैसे लाभ मिलेगा. अब महिला दिवस पर अखिलेश ने इसका जवाब भी दिया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने एक पोस्ट कर इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी.कन्नौज सांसद ने लिखा– अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ! हम 2027 में 'स्त्री सम्मान–समृद्धि योजना' लाएंगे और हर बालिका, युवती, नारी को सबल बनाएंगे.इस पोस्ट के साथ शेयर की गई एक फोटो में लिखा गया है– सीधे स्त्रियों के बैंक खातों में रुपये, महिलाओं–युवतियों को मोबाइल, प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप और पीडीए पाठशाला से हुनर को रोजगार दिया जाएगा.

## मायावती की राह चले राहुल गांधी? सपा नेता को पसंद नहीं आया कांग्रेस नेता का यह बयान, किया बड़ा दावा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और लो. कसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फिलहाल गुजरात दौरे पर हैं. इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि कुछ नेता अंदर से ही भारतीय जनता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं. जरूरत पड़े तो 10,15, 20 ,30 लोगों को निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए. उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि राहुल गांधी, बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती की राह पर चल पड़े हैं. आईपी सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा– पार्टी से निकालने का सिल. सिला मायावती जी ने शुरू किया आज ऐसी नौबत आ गयी कि उन्हें छोड़कर बसपा में कोई बचा ही नहीं. आज के दौर में एक लेबर फ्री में दो घण्टे काम नहीं करता एक पार्टी के नेता और कार्यकर्ता ही हैं जो अपना सब कुछ पार्टी पर न्योछावर करके पार्टी को खड़ा करते हैं उन्हें दो मीठे बोल ही तो चाहिए.सपा नेता ने लिखा– सत्ता छोड़कर कोई नहीं जाता. ळतवनच–23 में एक से एक विद्वान मजबूत लोग थे उनको निकाल देने से कांग्रेस ने क्या हासिल कर लिया? कपिल सिब्बल गुलाम नबी आजाद जैसे दिग्गज लोग एक ताकत थे.उन्होंने लिखा– मुंशियों जी हुजूरी वालों के सहारे पार्टी कभी खड़ी नहीं हो सकती. शिकायत करने वाले हर दल में होते हैं उन्हें नेतृत्व अनसुना करके आगे बढ़ जाता है. कहावत है– विनाश काले विपरीत बुद्धि.कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, श्मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं. मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं. जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी. जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे देंगे

## यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, हिज्बुल मुजाहिदीन का आतंकी जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार

मुरादाबाद यूपी एटीएस ने 18 साल से फरार हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी को जम्मू एंड कश्मीर से गिरफ्तार किया है। आतंकी जनपद पूंछ, जम्मू एंड कश्मीर का रहने वाला है। बताया गया की मुरादाबाद पुलिस ने आतंकवादी उल्फत हुसैन पर 25000 का इनाम घोषित कर रखा था। उल्फत हुसैन मुरादाबाद के थाना कटघर से एक मुकदमे में फरार चल रहा था।उल्फत हुसैन पुत्र हाजी अताउल्लाह खान , ग्राम फजलाबाद, सुरनकोट, जिला पूंछ जम्मू एंड कश्मीर का मूल निवासी है और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। आतंकवादी उल्फत हुसैन शस्त्र अधिनियम, पोटा, व सीएल एक्ट में मुरादाबाद के थाना कटघर से वांछित है। जमानत पर छूटने के बाद वो फरार गया था। मुरादाबाद कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। आतंकवादी उल्फत हुसैन वर्ष 2001 में मुरादाबाद आया था और इसे 9 जुलाई को गिरफ्तार कर इसके पास से एक एके–47, एक एके 56 सहित दो पिस्टल 12 हैंड ग्रेनेड, 39 टाइमर 50 डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया था।

## यूपी में 462 हाईटेक मशीनें तैनात करेगी योगी सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए महाकुंभ में सफल रही 462 अत्याधुनिक मशीनों को अब प्रदेशभर में तैनात करने जा रही है. इन उपकरणों का उपयोग नगर निगमों, नगर पंचायतों और ग्रामीण इलाकों में किया जाएगा, ताकि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके.महाकुंभ में प्रयागराज में इन मशीनों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में इसे लागू करने का फैसला लिया है. इन उपकरणों में 200 बैटरी ऑपरेटेड और 200 मैन्युअल स्प्रे पंप, साथ ही 62 थर्मल पल्स फॉग मशीनें शामिल हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर के स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा, ताकि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें. इन आधुनिक उपकरणों को नगर निगमों और नगर पंचायतों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने–अपने क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी–लार्वा छिड़काव कर सकें.स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, यह अभियान डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के खिलाफ सरकार की बड़ी पहल का हिस्सा है. इससे प्रदेशभर में रोग नियंत्रण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी.महाकुंभ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्रधानों को भी उपकरण दिए जाएंगे. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी एंटी–लार्वा छिड़काव अभियान को मजबूती मिलेगी और संचारी रोगों की रोकथाम संभव हो सकेगी.महाकुंभ में वेक्टर कंट्रोल के असिस्टेंट नोडल और डीएमओ डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि 62 थर्मल पल्स फॉग मशीनें उन जिलों में भेजी जाएंगी, जहां डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है.नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायतों के संयुक्त प्रयास से यह अभियान प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाया जाएगा. खास. तौर पर संवेदनशील जिलों में फॉगिंग और लार्वा नियंत्रण अभियान को तेज किया जाएगा, ताकि रोग फैलने से पहले ही उसे नियंत्रित किया जा सके.सरकार का यह कदम प्रदेश में संचारी रोगों के खिलाफ चल रही लड़ाई को और मजबूत बनाएगा. महाकुंभ के दौरान इन मशीनों के सफल इस्तेमाल ने यह साबित कर दिया कि अगर सही तकनीक और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए, तो बीमारियों को बढ़ने से पहले ही रोका जा सकता है।

## वाराणसी की रंग भरी एकादशी क्यों है खास? बाबा विश्वनाथ से जुड़े पर्व पर उमड़ते हैं लाखों श्रद्धालु



सनातन परंपरा में फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष तिथि को रंग भरी एकादशी मनाई जाती है. इस बार 10 मार्च को वाराणसी सहित पूरे देश में इस तिथि पर अलग–अलग आयोजन किए जाएंगे. वहीं काशी में इस रंग भरी एकादशी का खास महत्व है. मान्यता है कि इस दिन भगवान शंकर माता गौरा संग गौना लेकर अपने सबसे प्रिय नगरी काशी के लिए प्रस्थान करते हैं. जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के परिवार संग होली भी खेलते हैं. काशी के परंपराओं के जानकार और धर्माचार्य पं विश्वकांताचार्य व्यास ने इसके बारे में जानकारी दी है.धर्माचार्य पं विश्वकांताचार्य व्यास ने एबीपी न्यूज से बा. तचीत में बताया कि, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष तिथि को रंगभरी एकादशी मनाया जाता है. इस दिन मान्यता है कि भगवान शंकर माता गौरा का गौना कराकर वाराणसी पहुंचते थे. साथ ही इस दिन भग. वान विष्णु के भी पूजन करने का विशेष महत्व है. इस आयोजन को देखने के लिए लाखों की संख्या में लोग उमड़ते हैं. इस बार भी रंग भरी एकादशी को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है.वहीं परंपराओं के शहर काशी में दशकों से पूर्व महंत परिवार द्वारा इस रंगभरी एकादशी को बाबा विश्वनाथ और माता गौरा के गौना रस्म के रूप में मनाता है, जहां वाराणसी के प्राचीन गलियों से बाबा विश्वनाथ माता गौरा अपने पूरे परिवार संग पालकी पर सवार होकर गुजरते हैं और इन्हीं गलियों में मौजूद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के साथ होली खेलते हैं. मान्यता है कि इस दिन से ही एक दूसरे को रंग लगाने की शुभ मुहूर्त की शुरुआत भी हो जाती है. रंगभरी एकादशी के दिन लोग व्रत भी रहते हैं और विधि विधान से भगवान शंकर का पूजन करते हैं.इस बार भी वाराणसी में रंगभरी एकादशी पर आयोजित होने वाले बाबा के मांगलिक कार्यक्रम को लेकर 7 मार्च से ही आयोजन शुरू हो गया है, जो 10 मार्च तक चलेगा. परंपरा अनुसार टेढ़ी नीम स्थित पूर्व महंत आवास पर 7 मार्च के दिन माता गौरा को पूरे विधि विधान से हल्दी लगाई गई. इसके बाद अगले दिन 8 मार्च को पालकी का पूजन होगा और उसके ठीक बाद 9 मार्च को ईश्वर स्वरूप भगवान शंकर आवास पर पहुंचेंगे और अगले दिन 10 मार्च रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ माता गौरा का गौना लेकर मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे. यह काशी का विशेष पर्व माना जाता है.

## हरिद्वार में जादुई लोटे के नाम पर लोगों से ठगी, पुलिस ने किया बेनकाब, दो ठग गिरफ्तार

हरिद्वार में पुलिस ने ठगी के एक अनोखे और हैरान कर देने वाले मामले का खुलासा किया है. यह ठगी एक ष्जादुई लोटेष के नाम पर की जा रही थी. ठगों ने लोगों को विश्वास दिला रखा था कि यह लोटा उनकी किस्मत बदल सकता है और उन्हें अमीर बना सकता है. इस अजीबो–गरीब ठगी के खेल में मुख्य आरोपी मुकीम और शोएब थे, जो दूर–दराज के लोगों को ठगने का धंधा चला रहे थे. उनकी यह धोखाधड़ी ज्यादा समय तक नहीं चल पाई और हरिद्वार पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दियामुकीम और शोएब ने लोगों की कमजोरियों और उनकी इच्छाओं का फायदा उठाने के लिए सोशल मीडिया के जरिए अपने ष्जादुई लोटेष का प्रचार करते थे. उनका दावा था कि यह लोटा जो भी चाहता है, उसे वही मिल जाता हैकृधन–दौलत, सफलता और खुशहाली. इस धोखे को और प्रभावी बनाने के लिए वे वीडियो में लोटे को अलग–अलग तरह से पेश करते और दिखाते कि यह सचमुच जादुई है. वे लोगों को विश्वास दिलाने के लिए तरह–तरह की कहानियां गढ़ते और दावा करते कि जिन लोगों ने इस लोटे को अपनाया, उनकी जिंदगी बदल गई. उनकी चालाकी का आलम यह था कि वे अपने शिकारों को धीरे–धीरे विश्वास में लेते, फिर उनसे मोटी रकम ऐंठ लेते. मुकीम और शोएब ठगी के इस जाल में उन्हीं लोगों को फंसाते थे, कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल और एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल की अगुवाई में पुलिस लगातार इस गिरोह पर नजर बनाए हुए थी. इसी दौरान पुलिस को यह पुख्ता सूचना मिली कि रुड़की क्षेत्र में दो युवक ठगी के इस खेल में लिप्त हैं.कोतवाली रुड़की पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक योजना बनाई और दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की. पुलिस की इस कार्रवाई में मुकीम और शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया. उनके पास से नकली और असली आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल फोन और वह श्जादुई लोटाश भी बरामद हुआ, जिसका इस्तेमाल वे ठगी करने में कर रहे थे.पुलिस जांच के दौरान पता चला कि यह लोटा कोई करामाती वस्तु नहीं था, बल्कि महज पीतल का एक साधारण लोटा था. ठगों ने इसे जादुई दिखाने के लिए वीडियो में खास तकनीकों का इस्तेमाल किया था. मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच में जुट गई है.

# हाथरस में एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत

हाथरस में एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला तजना के पास एक युवक 120 फीट गहरे कुएं में गिर गया। मृतक की पहचान गांव बहानपुर निवासी राहुल पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा के रूप में हुई।राहुल ट्रैक्टर–ट्राली में आलू भरकर ले जा रहा था। रास्ते में उसका ट्रैक्टर खराब हो गया। वह ट्रैक्टर से उतरकर अपने चाचा से मोबाइल पर बात करने लगा।चलते–चलते बात करते समय राहुल को रास्ते में पड़े एक पुराने कुएं का ध्यान नहीं रहा। वह सीधा कुएं में जा गिरा। कुएं में गैस भरी होने के कारण स्थिति और भी गंभीर थी। राहुल से संपर्क



टूटने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लगभग 4 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद राहुल को कुएं से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। राहुल अभी अविवाहित था।

## एटा–मथुरा मार्ग पर हुई कथित लूट का मामला फर्जी निकला

एटा–मथुरा मार्ग पर हुई कथित लूट का मामला फर्जी निकला है। बिसावर के व्यापारी कन्हैया ने खुद ही इस लूट की कहानी गढ़ी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि व्यापारी ने अपनी बहन के घर में डेढ़ लाख रुपए और साढ़े 5 किलो चांदी छिपा रखी थी।व्यापारी ने पुलिस को बताया था कि वह मथुरा से मंडी करके लौट रहा था। टिकैत गांव के पास तीन बदमाशों ने उसे डंडे से मारकर गिरा दिया और उसके पास रखे डेढ़ लाख रुपए व साढ़े 5 किलो चांदी लूटकर फरार हो गए। इस खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि शुरू से ही यह मामला संदिग्ध लग रहा था। कड़ी पूछताछ में व्यापारी ने सच उगल दिया। पुलिस ने व्यापारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि व्यापारी पर किसी का कर्ज हो सकता है और इसी कर्ज से बचने के लिए उसने यह झूठी कहानी रची हो। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का दुपट्टा और फूलमाला . पहनाकर स्वागत किया गया

हाथरस में एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स (एडीएचआर) की मासिक बैठक अलीगढ़ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वार्ष्णेय और राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. पी.पी. सिंह ने अपने कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत किया। सदन ने उनके नेतृत्व में हुए कार्यों की सराहना की। नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से उपवेश कौशिक को जिला अध्यक्ष, शैलेन्द्र सांवलिया को जिला महासचिव और कमलकांत दोबरावाल को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों का दुपट्टा और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। नए जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक ने कहा कि वह जल्द ही पूर्ण जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे। साथ ही तहसील स्तर की टीमों का भी पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।बैठक में नवीन गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राजेश वार्ष्णेय, कौशल किशोर गुप्ता समेत कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी पिछले अनुभवों का लाभ लेते हुए जनपद का नाम रोशन करेगी।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को .विभिन्न स्थानों पर छापा मारा

खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर छापा मरा। टीम ने करीब 1.25 लाख रुपये कीमत की रंगीन कचरी सीज कर दी। टीम ने दूध, मावा और कचरी के नमूने लिए। कार्रवाई से खाद्य वस्तुओं का कारोबार करने वालों में खलबली मच गई।मुख्य खाद्य अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता के निर्देशन में टीम ने आगरा रोड स्थित नगला भुस पर बाइक से शहर में दूध ला रहे अमित एवं आलोक चौधरी की टंकी से मिश्रित दूध के नमूने लिए। इसके बाद टीम ने मथुरा रोड और मुरसान स्थित मिठाई की दुकानों पर छापा मारा।श्री बा. लाजी स्वीट्स के यहां से चमचम, चौधरी मिष्ठान भंडार से गुजिया, श्रीराम स्वीट्स से मावा एवं राधेश्याम चमचम वाले के यहां से बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया। इसके बाद एसडीएम सदर के साथ टीम कस्बा मेंडू पहुंची। टीम ने यहां बाबा शाद. ीलाल की दुकान से मावा, सर्वेश कुमार गुप्ता की दुकान से मावा का नमूना लिया।शहर में लाला का नगला स्थित आध्या इंटरप्राइजेज से टीम ने बाघ बकरी चाय एवं मिली चाय के दो नमूने लिए। मोतीलाल गिर्राज किशोर के लाला का नगला स्थित गोदाम से रंगीन कचरी के दो नमूने लिए। मौके पर 215 बोरों में भरी करीब 4300 किलोग्राम रंगीन कचरी को सीज किया गया और इसे खाद्य कारोबारी की अभिरक्षा में दिया गया।

## हाथरस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार ने किया

हाथरस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।लोक अदालत का आयोजन कई स्थानों पर किया गया।इनमें जनपद न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, स्थायी लोक अदालत, उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट और सभी तहसील मुख्यालय शामिल थे। विभिन्न बैंकों और विभागों ने जनपद न्यायालय परिसर में अपने शिविर लगाए।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कई प्रकार के मामलों का निपटारा किया गया। इनमें प्रमुख रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले, बैंक वसूली वाद और मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं शामिल थीं। साथ ही पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का भी निस्तारण हुआ।विद्युत और जल बिल से जुड़े विवाद, वैवाहिक मामले, राजस्व वाद और आरबिट्रेशन के मामलों का भी समाधान किया गया। किराया, सुखाधिकार और विशिष्ट अनुतोष वाद जैसे सिविल मामलों का भी निपटारा हुआ। लघु आपराधिक मामलों में अर्थदंड लगाकर निस्तारण किया गया। सभी मामलों का निपटारा आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया गया।

## हाथरस के गांव बिछिया में राजपूत रेजिमेंट के पूर्व सार्जेंट चंद्रपाल शर्मा का निधन

हाथरस के गांव बिछिया में राजपूत रेजिमेंट के पूर्व सार्जेंट चंद्रपाल शर्मा का निधन हो गया। मथुरा से आई सैनिक टुकड़ी ने उन्हें सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। चंद्रपाल शर्मा राजपूत रेजिमेंट में सार्जेंट के पद पर सेवारत थे। 1966 के युद्ध में उनकी जांघ में गोली लग गई थी। इस कारण सेना ने उन्हें युद्ध घायल घोषित कर सेवानिवृत्त कर दिया था। सेना ने उनके पैर की कई सर्जरी भी कराई थीं।बीमारी के चलते उपचार के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया। राजपूत रेजिमेंट को सूचना मिलते ही मथुरा से सैनिक टुकड़ी पहुंची। सैनिकों ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा और पुष्प चक्र चढ़ाया। पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से गांव में भी शक की लहर दौड़ गई। काफी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया



हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, विधायक अंजुला माहौर और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया।जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर नाटक प्रस्तुत किया। आगरा से आईं किरण कश्यप ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शादी अनुदान के रूप में 1.01 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।स्वास्थ्य, आंग. नबाड़ी और शिक्षा विभाग की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और परिश्रम को दिया। विधायक अंजुला माहौर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत घर से होनी चाहिए।जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने महिलाओं की बढ़ती सफलता का जिक्र किया। नायब तहसीलदार प्रतीक्षा कटारा ने कविता के माध्यम से बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन चतुर सिंह और मो. निका गौतम ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए



हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। इनमें महिलाओं को सम्मानित किया गया। भाजपा और कांग्रेस ने अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में महिला सम्मेलन हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रदेश मंत्री्सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि 8 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिवस महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने महिलाओं के योगदान को सराहा।कार्यक्रम में जनपद की अग्रणी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद अनूप प्रधान, सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख पूनम पांडे, प्रीति चौधरी, रामेश्वर उपाध्याय, सत्यपाल सिंह, कुसमा देवी, मीरा माहेश्वरी, सुनीता वर्मा आदि काफी लोग मौजूद थ. ।दूसरी ओर, जिला कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ महिला नेत्री बीना गुप्ता एडवोकेट के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने महिला नेत्रियों को तिरंगा पट्टिका पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में बीना गुप्ता, आमना बेगम, सलमा बेगम, काजल चौधरी और रूपम कुशवाहा सहित कई प्रमुख महिला नेत्रियों को सम्मानित किया गया। अन्य कहीं स्थान पर भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कार्यक्रम हुए और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## जज साहब से मिलवाने के बहाने होटल में ले जाकर पंचायत सहायक से की अश्लील हरकत

कोतवाली सासनी क्षेत्र की रहने वाली एक पंचायत सहायक ने जंक्शन क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति पर आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर सासनी थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।जज साहब से मिलवाने के बहाने होटल में ले जाकर पंचायत सहायक से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। सासनी थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। सासनी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने गांव में पंचायत सहायक के पद पर तैनात है। आरोप है कि राशन डीलर ने पंचायत सहायक के साथ सलेमपुर पर मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई और इस मामले की वीडियो सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति पर थी उस व्यक्ति ने वीडियो के बदले पंचायत सहायक से बार बार फोन करके 30 हजार रुपए मांगे। जब वह अदालत में अपने ब्यान देने आई, तभी तभी सलेमपुर निवासी व्यक्ति भी वहां पर आ गया और बोला कि तुम्हे जज साहब से मिलवा दूंगा, मेरे साथ सिकन्दराऊ चलो। उस व्यक्ति द्वारा किसी को जज बताकर फोन पर महिला की बात करायी तो वह उसके बहकावे में आकर सिकंदराराऊ चली गई। महिला के साथ उसके ससुर भी थे, ससुर को इस बात की जानकारी दी तो ससुर ने लोक लाज के कारण घटना का किसी से जिक्र करने से मना कर दिया। जिसके कारण उस व्यक्ति का हौसला बढ गया है और बार–बार फोन करके परेशान करने लगा। पैसे की मांग करता है, पैसे न देने पर जेल भिजवाने की धमकी देता है। आरोपी अपने आपको किसी जज का आदमी बताता है, अब एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में योगेंद्र कृष्ण नारायन, सीओ सदर ने बताया कि इस मामले में महिला की शिकायत व कप्तान साहब के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया मामले की जांच कराई जा रही है।

# श्री वार्ष्णेय मंदिर पर रंग भरनी एकादशी पर होगी लठामार होली

श्री वार्ष्णेय मंदिर के व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप एवं अध्यक्ष एल डी वार्ष्णेय एवं पूर्व मेयर सावित्री वार्ष्णेय ने बताया कि लठामार होली कार्यक्रम पारम्परिक रूप से होगा लेकिन इस वर्ष यह अपने नये रूप मे होगा । भजन संध्या मे राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ होली का आंनद दुगना हो जाता है । राधा रानी की सखियाँ लहंगा पहनकर जब होली की तैयारियों मे लगी होंगी ऐसे मे ब्रज के हुरियारे उनपर रंग डालने आएंगे तो लठ पड़ना स्वाभाविक है । कन्हैया के ग्वाल बाल और राधा रानी की सखियाँ इस होली का आंनद उठाने के लिए तैयार हैं । श्री वार्ष्णेय मंदिर के कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता फोटो वाले एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने आगे बताया कि यह होली कार्यक्रम 10 मार्च 2025 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से श्री वार्ष्णेय मंदिर प्रांगण मे धूमधाम से मनाया जाएगा , आप सभी भक्त सादर सपरिवार आमंत्रित हैं । श्री वार्ष्णेय मंदिर के महंत पंडित मनोज मिश्रा , दुर्गेश वार्ष्णेय , पार्षद अलका गुप्ता , यतीश वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष रंग भरनी एकादशी पर एक अलग ही नजारा श्री वार्ष्णेय मन्दिर पर देखने को मिलेगा । लठामार होली को सफल बनाने के लिए राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वाले , एल डी वार्ष्णेय ने धीरेन्द्र गुप्ता फोटो , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , बृजेश कंटक , दुर्गेश वार्ष्णेय , पार्षद अलका गुप्ता , गुलाब चंद्र सुपारी वाले, अमित शेखर सर्राफ , यतीश वार्ष्णेय , गौरव ब्रास , शैलेन्द्र शैलू , पारस गुप्ता , संतोष डिब्बा वाले , गौरव एल्ड्राप. मनोज गुप्ता एडवोकेट , एडवोकेट आकाशदीप वार्ष्णेय , विष्णु भैया , दिनेश चंद्र भट्टा वाले , अनुपम सज्जू , मनोज ठेकेदार ,घनेन्द्र वार्ष्णेय , गौरव पीतल, लकी बालाजी , कमल कुमार बाबा , तनुराग वार्ष्णेय , किशोर कुमार वार्ष्णेय , राजू गणपत , वीरेश वार्ष्णेय , उमेश सरकोंडा , मनीश नीलगिरी, मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा , राहुल स्क्रैप , जितेंद्र वार्ष्णेय जीतू , कान्हा वार्ष्णेय , सुमित गोटेवाल , मनोज गुप्ता , योगेश वार्ष्णेय बंटी, ख्यालीराम वार्ष्णेय , कन्हैया लाल गुप्ता आदि को जिम्मेवारी सौंपी है ।

## शकुंतला देवी जाते जाते दो लोगों की कर गई जिंदगी रोशन

शकुंतला देवी जाते जाते दो लोगों की कर गई जिंदगी रोशन सचिव डॉ जयंत शर्मा का फोन अध्यक्ष डॉ एस के गौड़को आया कि सुरेन्द्र नगर निवासी पीयूष सारस्वत की 90 वर्षीय दादी शकुंतला देवी का नेत्रदान होना है। डॉ गौड़ ने डॉ श्रॉफ आई केयर वृंदावन के डॉ रोशन से सम्पर्क किया उन्होंने अविलम्ब आ कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक लगभग 1रू00 बजे मध्य रात्रि में मानवीय कार्य को अंजाम दिया। देहदान कर्त्तव्य संस्था ने यह 92वा



नेत्रदान कराया। इस अवसर पर डॉ गौड़ ने एकत्रित पारिवारिक सदस्यों को नेत्रदान की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। साथ ही उनके प्रश्नों के उत्तर दे कर संतुष्ट किया।उन्होंने कहा कि यही एक रास्ता है जो मरणोपरांत भी अदृश्य रूप से जीवित रहा जा सकता है। रूढ़ीवादिता त्याग लीक से हटकर किए गए कार्य हेतु उपस्थित पारिवारिक सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए डॉ गौड़ ने डॉ श्रॉफ आई केयर वृंदावन द्वारा प्रदत्त प्रश. स्ति पत्र पारिवारिक सदस्यों को ससम्मान भेंट किया। डॉ डी के वर्मा (मीडिया प्रभारी), भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , इंजीनियरिंग राकेश शर्मा, बृजेश शर्मा, संदीप सारस्वत, शशांक सारस्वत, रंजना सारस्वत, सुनीता सारस्वत, कविता आदि सहयोगी बने।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलक्ट्रेट में शक्ति संवाद एवं शक्ति सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अलीगढ़ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मीना कुमारी की अध्यक्षता एवं मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कलक्ट्रेट में राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य एवं दिव्य ष्शक्ति संवाद एवं शक्ति सम्मान कार्यक्रमष् का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा 5 एलईडी प्रचार–प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नियम कानून पर जागरूकता, साइबर क्राइम पर किए गए सवालों के जवाब एसपी क्राइम ममता कुरील द्वारा दिए गए। राजनीति और घर परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने सबंधी सवालों के जवाब जिला पंचायत अध्यक्ष ने देते हुए कहा कि निरंतर सक्रिय रहते हुए समय की उपयोगिता के साथ सभी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा सकते हैं। राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन में कभी कभी नक. ारात्मक भाव आने पर कैसे सकारात्मक ऊर्जा को बटोरतीं हैं। इस सवाल पर राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने आने व्यक्तिगत जीवन की दुरुहताओं के बारे में विभिन्न प्रकार की घटित घटनाओं के साथ प्रोत्साहन टिप्स देते हुए कहा अपने को कभी कमतर न समझें। सदैव आत्मविश्वास से भरे रहें, जिसका जो काम है ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि बेटा बेटी एक समान है। आज के दिवस पर सभी भाई संकल्प लें कि वह बेटियों को



बहिन मानते हुए उनकी सुरक्षा एवं सम्मान करें।कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहीं ऊषा देवी, स्पोर्ट के क्षेत्र में नाम कमा रहीं रिंकी शर्मा, ग्राम प्रधान नीलम व कल्पना, कवियत्री पूनम के कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया। सभी को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया।मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने शक्ति संवाद एवं शक्ति सम्मान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। सरकार भी हर कदम पर उनका साथ दे रही है। सुरक्षा एवं स्वावल. ंबन के क्षेत्र में नित नए बड़े कार्य एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का संच. ालन किया है रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन मे शिक्षा के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ने के लिए नितन्तर संघर्ष करते रहना है। एसपी क्राइम ममता कुरील ने कहा कि सदैव अनुशासित जीवन जीते हुए सतत प्रयास करते रहना है। चुनौतियों से घबराना नहीं है, चुनौतियां सदैव नया मार्ग प्रशस्त करती हैं।मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत शादी अनुदान के रूप में शिवानी कुमारी एवं भारती कुमारी के माता–पिता को एक लाख 1 हजार धनरा. शि के प्रतीकात्मक चौक प्रदान किए गए।डॉ0 पुनीता गर्ग द्वारा हाइजीन एवं स्वास्थ्य सबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए सदन को सर्वाइकल वैक्सीन के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।अतिथियों द्वारा 10 विभिन्न परिवारों में बेटियों के जन्म लेने पर उनकी माताओं को बेबी किट एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कोविड के दौरान अपने अभिभावकों को खोने वाले 28 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप प्रदान किए गए। इन सभी को सरकार द्वारा प्रतिमाह 4 हजार की धनराशि भी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की बारह अध्यापिक. ाओं को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कस्. तूरबा गांधी विद्यालय की 13 छात्राओं को मैडल भी प्रदान किए गए। शक्ति संवाद एवं शक्ति सम्मान कार्यक्रमष् में जिला प्रा. ेवशन अधिकारी अजित सिंह एवं महिला संरक्षण अधिकारी हितेश कुमारी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन नीतू सारस्वत द्वारा किया गया।

## डीएम ने शेखा झील का किया निरीक्षण

अलीगढ़ : जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा शनिवार को शेखा झील पक्षी विहार का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया । इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ नवीन प्रकाश शाक्य उपस्थित रहे। डीएम ने शेखा झील पक्षी विहार के प्रस्तावित विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने शेखा झील के सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने विशेष रूप से जलकुंभी की सफाई को लेकर विशेष बल दिया देते हुए पक्षी विहार में मौजूद पक्षियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित हैबिटेट के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने शेखा झील की वर्षभर उपयो. गिता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं विस्तृत योजना बनाए जाने की भी बात कही। इसके साथ–साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एवं शेखा झील पक्षी विहार के वृहद प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि शेखा झील पक्षी विहार के निकट खाली स्थान पर पर्यटन से संबंधित सुविधाओं को विकसित करने की योजना बनाई जाए।इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरव सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कमिश्नरी में भव्यतापूर्ण ढ़ंग से मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अलीगढ़ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कमिश्नरी सभाकार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्. ज्वलित कर किया गया। मंडलायुक्त ने मंडल की सभी महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं में बहुत ताकत होती है वह सभी परिस्थितियों में आगे बढ़ सकती हैं। आप सभी विषम परिस्थितियों से निकलकर अपने क्षेत्र में आगे हैं। सभी महिलाओं को अपने अंदर आत्मविश्वास जरूर रखना चाहिए इसके माध्यम से आप घर हो या कार्य क्षेत्र हर जगह अच्छा कर पाएंगे। आत्मविश्वास के साथ जब हम आगे बढ़ते हैं तो हमें कोई भी नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि महिला, महिला के साथ चलेगी तभी यह अवधारणा सरकार होगी हम सभी को कभी बेटी, कभी बहन, कभी पत्नी, तो कभी मां के रूप में कार्य करना होता है। नारी के बगैर पुरुष आधा है, नारी



के अंदर असीम ममता होती है।उन्होंने कहा कि हमें सदैव महिलाओं के सभी रूपों का मान–सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र–छात्राओं ने भविष्य में अपने कैरियर बनाने से संबंधित प्रश्न किए, जिनका मण्डलायुक्त से बखूबी जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने करियर को बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें और आगे बढ़ें। आप सभी का बेसिक मजबूत होना बहुत जरूरी है इससे आप किसी भी क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते हो। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को कहा कि अपने अंदर की जि. जीविषा को कभी भी मरने न दें, उसे हमेशा जीवित रखें। इस अवसर पर अपर आयुक्त बी0के0 सिंह, उपजिला अधिकारी खैर महिमा सिंह, उप निदेशक दिव्यांग सशक्तीकरण पारिशा मिश्रा, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, एडीआईओ मनोरमा सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर धीरज पैलेस में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

अलीगढ़,। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अलीगढ़ हेल्पलाइन महिला शाखा की ओर से महिला सम्मान समारोह का आयोजन गांधीपार्क स्थित होटल धीरज पैलेस में सफलता पूर्वक किया गया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अनिल देशबंधु, वी. आनंद, मनवीर सिंह तथा संस्था की अध्यक्षता रश्मि आनंद ने भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रश्मि आंनद ने बताया कि अंराष्ट्रीय महिला दिवस पर अलीगढ़ हेल्पलाइन द्वारा 25 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें साहवी पुनीता चेतन, शीतल सचदेवा, डा. संध्या महेश्वरी, डॉ. श्रद्धा राठी, रवीवाला वार्ष्णेय, स्वानी, डॉ. अंशु सक्सेना, डा. नीलम शर्मा, प्रज्ञा निरदेश, कनिका वार्ष्णेय, रेनुशर्मा,डा. कल्पना बंसल, डा. पायल सिंह आदि को सम्मानित किया गया।इस मौकेपर कानिका अग्रवाल, मेघा खन्ना, रूचि सिंह, मोनिका, दीप्ति वर्मा, रेनु अग्रवाल, अनीता सिंह को सदस्ता प्रमाण पत्र संस्था की संरक्षक पारूल जिंदल, डा. इन्दरा अग्रवाल, मनीषा, पल्लवी आदि के द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अरूण तिवारी द्वारा किया गया।

### आज बेटियां कर रही नाम रोशन रू डॉ मिथिलेश भास्कर बेटियों का जन्म किसी भी परिवार में वरदान से कम नहीं

अलीगढ़ में डीडीयू अस्पताल में हुआ 38 नारी शक्ति का हुआ सम्मान, कई जिलों से कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को अलीगढ़ में नारी शक्ति वंदन, अभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन। पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के सभागार में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल प्रशासन के साथ मिलकर समाजसेवी मनोज अलीगढ़ी ने विभिन्न क्षेत्र में योगदान देने वाली नारी शक्तियों का सम्मान किया।मुख्य अतिथि के तौर पर सहायक स्वास्थ्य निद. ेशक डॉ अनुपम भास्कर मौजूद रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता राममूर्ति देवी ने की। इस दौरान बताया गया कि नारी शक्ति आज समाज में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी हैं। ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं का योगदान न हो। इसलिए हर व्यक्ति को नारियों का सम्मान करना चाहिए।बेटियों को अच्छी शिक्षा जरूर दें कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि बेटियों का जन्म किसी भी परिवार में वरदान से कम नहीं होता है। इसलिए बेटों के जन्म पर जितनी खुशी मनाई जाती है, उतनी हीखुशी बेटों के जन्म पर भी होनी चाहिए।इस दौरान कहा गया कि बेटियों को अच्छी शिक्षा जरूर दी जाए। बेटियो की शिक्षा में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि पढ़ी लिखी और शिक्षित बेटियाअपने परिवार के विकास क साथ ही एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

## आर्यावर्त बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का सम्मान किया

हाथरस।आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बैंक की महिला कर्मचारियों को उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया और उनके उत्साहवर्धन हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए।बैंक के सहायक महाप्रबंधक आर.एस.वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिला कर्मचारियों को संबोधित किया।उन्होंने अंत. र्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए भारत और विश्व में म. हिलाओं द्वारा समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में किए गए योगदान को रेखांकित किया।श्री वर्मा ने कहा कि महिलाएँ न केवल परिवार बल्कि राष्ट्र की प्रगति की धुरी होती हैं। इतना ही नहीं आर्यावर्त बैंक लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध है और उनकी महिला कर्मचारी इस मिशन की प्रेरणादायक उदाहरण हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी महिला कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की गई।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में नितेश सिंह परमार के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा गया।. उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि समावेशी विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी और सम्मान अनिवार्य है।आर्यावर्त बैंक ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और समर्थनपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने हेतु अनेक पहलें शुरू की हैं।वहीं बैंक का उद्देश्य महिला कर्मचारियों को नेतृत्व के पदों पर आगे बढ़ाने और उनकी पेशेवर क्षमताओं को निखारने के लिए प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराना है।आर्यावर्त बैंक समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण और समानता में विश्वास रखता है।

# डीएम मेधा रूपम ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान महिलाओं को समानता का अधिकार देता



कासगंज रू डीएम मेधा रूपम ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान महिलाओं को समानता का अधिकार देता है, लेकिन किन्हीं कारणवश महिला उत्थान से संबंधित कार्यक्रम सर्व व्यापक नहीं हो पाए। वर्तमान में मोदी सरकार ने महिलाकर्मी के उत्थान एवं समावेशी विकास के साथ साथ महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए अनेकों योजनाएं संचालित की हैं।एसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि भारतीय इतिहास मि. हलाओं की गोरवगाथाओं से अटे पड़े हैं, लेकिन वर्तमान सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें बराबरी को दर्जा देते हुए समानता का अधिकार दिया। महिला आरक्षण बिल इसका प्रत्यक्ष परिणाम है। आज महिलाएं शासन प्रशासन समाज सेवा एवं धार्मिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।एसडीएम अंजली गंगवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस न केवल एक तारीख है, बल्कि यह नारी सश. क्तिकरण और समानता के संघर्ष का प्रतीक बन चुका है। इस दिन का महत्व न सिर्फ महिलाओं की सफलता और बलिदान को मान्यता देने के लिए है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि एक समान और सुरक्षित समाज के लिए हमें और भी अधिक प्रयास करने होंगे।सदर सीओ आंचल चौ. हान ने कहा महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी कई चुनौतियों और भेदभाव का सामना कर रही हैं।नगर पंचायत अध्यक्ष सहावर नाशी खान ने महिला दिवस पर कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। खेल हो या समाज सेवा, राजनीति में भी बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। पटियाली की विधायक नादिरा सुल्तान ने कहा किमहिलाएं–पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

## कासगंज : चोरों ने प्राचीन मंदिर पर धावा बोल दिया मंदिर में घुसकर मूर्ति, घंटे, त्रिशूल और दानपात्र चुरा ले गए

कासगंज : **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**
चोरों ने प्राचीन मंदिर पर धावा बोल दिया। मंदिर में घुसकर मूर्ति, घंटे, त्रिशूल और दानपात्र चुरा ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और तलाश में जुटी है।गौरतलब है कि गांव लखमीपुर में भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है, जहां गांव के अलावा आसपास के क्षेत्र के लोग दर्शन करने आते हैं। मंदिर में शिव परिवार के अलावा शनिदेव और हनुमान बाबा की मूर्तियां स्थापित हैं। शुक्रवार और शनिवार की रात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश कर लिया। चोर मंदिर में रखी शनिदेव की मूर्ति, घंटा, त्रिशूल समेत दानपात्र चुरा ले गए।घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। मामले में मंदिर के पुजारी धर्मपाल, निवासी लखमीपुर, ने बताया कि शनिवार सुबह जब वह पूजा–अर्चना के लिए पहुंचे तो देखा कि मंदिर का गेट खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त–व्यस्त था। चोर शनिदेव की मूर्ति, चढ़ावा, पीतल का त्रिशूल, पीतल के कई घंटे सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए, जबकि दानपात्र से पांच सौ रुपये भी निकाल लिए।पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और चोरों को जल्द गिरफ्तार कर सामान बरामद किया जाएगा।

## कासगंज–मथुरा मार्ग पर स्थित टीकमपुर गांव में 6 लेन बाईपास निर्माण के दौरान गांव का मुख्य रास्ता बंद

कासगंज–मथुरा मार्ग पर स्थित टीकमपुर गांव में 6 लेन बाईपास निर्माण के दौरान गांव का मुख्य रास्ता बंद किए जाने से ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने हाईवे निर्माण कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की।ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पिछले 30–35 वर्षों से उनके आवागमन का मुख्य मार्ग है। इस रास्ते के बंद होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा।विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी और सदर एसडीएम संजीब मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी मेधा रूपम के नाम एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का वादा किया है।

## कासगंज : ढोलना के गांव मारूपुर के समीप रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली

कासगंज : **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**
ढोलना के गांव मारूपुर के समीप रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी सुबह परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।ढोलना के गांव मधुपुर निवासी ओमशांति (18) पुत्र प्रसाद शुक्रवार की शाम घर से अपनी ननिहाल अमपुर ढिढावली जाने की कहकर निकला, लेकिन जब परिजनों ने रात में ननिहाल में जानकारी ली तो पता चला कि वह वहां नहीं पहुंचा है। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। सुबह जब लोगों ने मारूपुर के समीप ट्रैक पर उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। जब परिजनों को भी खबर मिली, तो वे भी मौके पर पहुंच गए।उन्होंने उसकी शिनाख्त ओमशांति के रूप में की। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के मामा इंद्रेश ने बताया कि वह बचपन से ही ननिहाल में अधिक रहता था। शुक्रवार की शाम घर में कहासुनी के बाद ननिहाल आने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद शनिवार सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला। उसके आत्महत्या कर लेने से मृतक की मां देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आज 8 मार्च 2025 को विश्व महिला दिवस जोर शोर से मनाया जा रहा

कासगंज : **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**
आज 8 मार्च 2025 को विश्व महिला दिवस जोर शोर से मनाया जा रहा है लेकिन जब तक महिलाएं सुरक्षित नहीं होगी तब तक इस दिवस की सार्थकता सिद्ध नही हो सकती है। वैसे जनपद की कमान महिला अधिकारियो के हवाले है। शासन द्वारा जनपद की कमान संभालने को जिलाधिकारी मेधा रुपम व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को तैनात कर रखा है। वही जनपद के सहावर व कासगंज में भी क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी के रूप मे महिला अधिकारी ही तैनात है। ऐसे मे देखा जाए तो लगभग तीन चौथाई जनपद की कमान महिलाओं के हाथ मे है। लेकिन यहाँ कुछ महीनों से महिलाओ, बेटिया पर अत्याचार अधिक देखने को मिल रहे है। हैवानियत की सारी हदें लांघी जा रही हैं। विगत कुछ दिनों पूर्व तहसील पटियाली के कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य के एक मार्च को नगला हंसी मे दलित किशोरी की हत्या व उसकी बहन को अगवा एवं गंजडुंडवारा में 6 वर्षीय अबोध बालिका से दुष्कर्म की घटनाएं इसकी बानगी है। यहाँ महिलाओं (ज्ञेंहंदर छमू) की अस्मिता का जनाजा निकाला जा रहा है।मंहिलाएं असुरक्षित हैं। दुशासन महिलाओं की इज्जत नीलाम कर रहे हैं। यहाँ धीरे धीरे महिलाओं पर जुल्मों की सूची लंबी होती जा रही है। क्यों कि वर्ष 2024 के 3 सितम्बर को हुए अधिवक्ता मोहिनी सिंह की निर्मम हत्या को भी भूलाना असंभव है। जब छोटे से जनपद का हाल यह है तो अदांजा लगाया जा सकता है। तो जिले में महिलाएं अपने को कैसे सुरक्षित समझती होगी।आज महिला दिवस पर कई आयोजन होगे। संकल्प लिया जाएगा कि महिलाओं को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी। अत्याचारों का खात्मा किया जाएगा। सुरक्षा के लिए बड़े–बड़े दावे किए जाएगे। लेकिन जनपद मे हुई ये घटनाए बेहद ही खौफनाक तस्वीरें प्रस्तुत कर रही हैं। लगातार हुई घटनाओं (ज्ञेंहंदर छमू) से सुरक्षा के दावों की पोल खुल गई है। वैसे महिला दिवस पर गोष्ठीयां करना महिला कानून के हक की बात करना बुरा तो नही है। लेकिन प्रशासन को इस घटनाओं से सबक ले महिला सम्बंधित अपराधों पर अंकुश लगाए जाने एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बना सम्बंधित मामलो के दोषियो को शीघ्र सख्त सजा दिला उदाहरण पेश किए जाने की आवश्यकता है। जिससे महिलाओ से असुरक्षा का भाव दूर होने मे मदद मिले और वह खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

## सदर कोतवाली क्षेत्र के पवसरा गांव में 20 वर्षीय बीएससी के छात्र ने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

कासगंज : सदर कोतवाली क्षेत्र के पवसरा गांव में 20 वर्षीय बीएससी के छात्र ने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं लग सका है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने संग्रहित किए हैं।सहावर क्षेत्र के गांव नगला भीमसेन निवासी मनोज (20) पुत्र फूल सिंह अमांपुर के कुसुमा देवी महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। वह पवसरा गांव में रहता था, जहां उसका मकान निर्माणाधीन था। शुक्रवार रात मनोज का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।आत्महत्या से पहले मनोज ने अपने बहनोई ध्रुव को व्हाट्सएप पर एक वॉइस मैसेज भेजा, जिसमें उसने कहा कि जीजा जी आ जाओ, मुझसे मिल लो, फिर नहीं मिलूंगा। इस मैसेज को सुनकर बहनोई ने तुरंत मृतक के परिजनों को कॉल कर सूचना दी। परिजनों ने बताया कि मनोज कासगंज में मकान पर गया हुआ था। जब वे वहां पहुंचे तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर क्षेत्राधिकारी आंचल चौ. हान ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

### एटा जिले के निधौली कलां थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

एटा जिले के निधौली कलां थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया कोतवाली प्रभारी संजय रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सभापुर गांव में तीन घंटे की कार्रवाई की। टीम ने राजेश पुत्र नाथू सिंह और शिशुपाल पुत्र न्याय सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सभापुर निधौली कलां के रहने वाले हैं।पुलिस ने मौके से दो चालू तमंचे 315 बोर, एक बिना चालू तमंचा 315 बोर, छह अधबने तमंचे और छह अधबनी नालें बरामद कीं। इसके अलावा एक जिंदा कारतूस 12 बोर और हथियार बनाने के उपकरण भी मिले।पिछले सात दिनों से कोतवाली प्रभारी संजय रावत की टीम ग्रामीण क्षेत्र में विशेष अभियान चला रही थी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने वालों में दहशत का माहौल है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।गिरफ्तारी में जगदीश सिंह कस्बा इंच. ार्ज, सुरेंद्र सिंह उपनिरीक्षक, रविंद्र सिंह और पुष्पेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल, रतनेश कुमार, दिनेश कुमार, शिव प्रताप सिंह और राजकुमार कांस्टेबल शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीईओ जलेसर ने भी इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## एटा में 13 मार्च की रात होलिका पूजन के बाद 14 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा




बृज क्षेत्र के एटा में 13 मार्च की रात हो. लिका पूजन करने के बाद 14 मार्च को (धुलंदी) रंगोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए हर घर तैयारियां शुरू हो गई हैं। त्योहार को हर्षोल्लास से मनाने के लिए मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया है। रंग, गुलाल, पिचकारी और लजीज व्यंजन बनाने के सामान से सजी दुकानों पर जमकर बिक्री हो रही है। पिछली साल की होली की भांति इस बार की होली पर ज्यादा महंगी नजर नहीं आ रही है। रंग, गुलाल और पिचकारी के अलावा खाने–पीने की चीजें भी पिछले साल के रेटों पर ही मिल रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से खाद्य तेल एवं चिप्स पापड़ शामिल हैं। इसके चलते लोग होली के त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शहर हो या देहात, हर जगह होली को लेकर बाजारों में चहल–पहल है। दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानदार भी इस होली के कारोबार से काफी खुश हैं। इस बार भी होली पर खाद्य पदार्थों पर महंगाई बढ़ेगी। शनिवार के शहर के मुख्य बाजार घंटाघर, किराना बाजारा, बूरामंडी, बांस मंडी, बजरिया एवं हाथी गेट बाजार में खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ बनी रही। अधिकांश लोग खाद्य तेलों एवं किराना संबंधी सामानों की खरीदारी करने में व्यस्त बने रहे। इसके अलावा हाथरस के रंग गुलाल, पिचकारी और गुब्बारों के अलावा कलर स्प्रे की सर्वाधिक डिमांड बनी रही।रेडीमेड व्यंजनों की मांग घटीएटा। इस होली पर लोग रेडीमेड मिलावटी खाद्य पदार्थों से परहेज कर रहे हैं। रेडीमेड खाद्य पदार्थ वही लोग खरीद रहे हैं। जिन परिवारों के पास व्यंजन बनाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। शहर के मुख्य बाजारों में मठरी, नमक पारा, बेसन शेव, नमकीन, चिप्स, पापड़ व गुजिया आदि विभिन्न प्रकार के रेडीमेड खाद्य पदार्थों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ पिछले वर्ष की अपेक्षा कम है।चाइनीज आइटम बा. जारों से गायबइस होली पर शहर के बा. जारों से चाइनीज पिचकारी, रंग–गुलाल, गुब्बारे, रूह रंग व गुलाल बाजारों से पूरी तरह गायब हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि लोग देश की अर्थव्यवस्था को लेकर काफी जागरूक हो गए हैं। हर कोई मेक इन इंडिया आइटम की मांग कर रहा है। शनिवार को शहर के मुख्य बाजार में एक थोक पिचकारी व्यापारी ने बताया कि इस बार मेक इन इंडिया पिचकारी, गुब्बारे और रंग स्प्रे समेत होली के सभी आइटम की मांग है। हर खरीदार भारत में बने होली आइटम की मांग कर रहा है, जिसके चलते बाजार से चाइनीज आइटम गायब हो गए हैं।